**SHIVALIK RASAYAN LIMITED**

**Corporate Office:** 1506, Chiranjiv Tower 43,
Nehru Place, New Delhi- 110019 (India)
**Tel:** +91-11-47589500 (30 Lines) /26221811/26418182
**Email:** info@shivalikrasayan.com
**website:** www.shivalikrasayan.com
**CIN:** L24237UR1979PLC005041

Submission of Public Notice made in Newspaper for 42nd Annual General ... e-voting information & Book Closure.

... nt to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements)

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री आवास में प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संघ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह नपलच्याल, महासचिव डॉ. मनोज वर्मा एवं डॉ. एन.एस बिष्ट ने संघ की विभिन्न मांगों को लेकर वार्ता की। संघ के मामलों पर बिन्दुवार चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मांगों को गम्भीरता से लिया जायेगा एवं सकारात्मक सहयोग किया जायेगा। प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपना आन्दोलन तत्काल वापस लेंगे। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि कोरोना काल में डॉक्टरों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिस लगन से वे जन सेवा कर रहे हैं, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड मरीजों व उनके परिजनों द्वारा भी चिकित्सकों के कठिन तपस्या की सराहना की गई। प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संघ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह नपलच्याल ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा विभिन्न मांगों पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिये जाने पर संघ ने अपना आन्दोलन तत्काल वापस लेने का निर्णय लिया है।

# टीआईसी योजना लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। उत्तराखण्ड में होमस्टे पर्यटन राज्य में समग्र पर्यटन विकास का एक बड़ा हिस्सा है। उत्तराखण्ड में पर्यटन के पुनरूद्धार के लिए गृहस्थी की कुंजी हो सकती है, खासकर कोविड-19 महामारी के बाद। उत्तराखण्ड कैबिनेट ने हाल ही में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के साथ मिलकर पर्यटन प्रोत्साहन कूपन योजना (टीआईसी) शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया है। राज्य सरकार द्वारा पर्यटकों को प्रोत्साहित करने की यह नवीनतम पहल बड़े पैमाने पर पर्यटन उद्योग के लिए फायदेमंद साबित होगी।

यह योजना लागू करने वाला उत्तराखण्ड पूरे देश में पहला राज्य है। उल्लेखनीय है कि उत्तराखण्ड के अलावा हाल ही में जापान, सिसिली और साइप्रस में भी इसी तरह की प्रोत्साहन आधारित योजनाएं शुरू की गई है। उत्तराखण्ड सरकार ने पर्यटन से जुड़ी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए और राज्य में अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इस योजना की शुरूआत की है। इस योजना का लाभ लेने के लिए



उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों को देहरादून स्मार्ट सिटी पोर्टल पर टूरिस्ट कैटेगरी के अन्तर्गत अपना पंजीकरण कराना होगा। तीन दिनों तक होटलध्होमस्टे में रहने पर पर्यटकों को अधिकतम 1000 रूपये या 25 प्रतिशत प्रतिदिन जो भी कम हो, प्रोत्साहन कूपन के रूप में दिया जायेगा जिसे पर्यटकों के होटल के आवासीय बिल में होटल स्वामी द्वारा छूट के रूप में समायोजित किया जायेगा। इस समायोजित छूट की राशि को होटल प्रबन्धन द्वारा बिल व साक्ष्य प्रस्तुत करने पर विभागीय अनुमोदन के पश्चात् 15 दिनों के अन्दर प्रतिपूर्ति कर दिया जायेगा। यह योजना हमारे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित ''वोकलफॉर लोकल'' दर्शाता है। आदिदेव होमस्टे के संचालक धैर्य अरोड़ा ने कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा शुरू की गई टीआईसी योजना पर्यटकों के साथ-साथ होटल और होमस्टे संचालकों के दृष्टिकोण से भी काफी लाभदायक साबित होगी। यह उत्तराखण्ड सरकार की ओर से एक स्वागत योग्य पहल है और राज्य में पर्यटन संबंधी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद करेगी।

प्रोत्साहन कूपन की धनराशि केवल होटलध्होमस्टे के आवासीय किराये में समायोजित की जायेगी, जो केवल 03 दिनों के आवास पर ही मान्य होगी। कूपन का लाभ प्रति बुकिंगध्प्रति रात्रि ई-पास एवं कूपन की वैद्यता के दिन तक मान्य होगी। यह प्रोत्साहन कूपन योजना उत्तराखण्ड राज्य के जनपद देहरादून के मसूरी, चकराता, ऋषिकेश नगर निगम क्षेत्र, हरिद्वार के हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र, पौड़ी के कोटद्वार को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्र, नैनीताल के काठगोदाम एवं हल्द्वानी के क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्र, ऊधमसिंह नगर को छोड़कर शेष समस्त जनपद प्रतिबन्धित क्षेत्र को छोडकर मान्य होगी। दी गयी सूची को यूटीडीबी द्वारा समय-समय पर परिवर्तित किया जा सकता है।

उत्तराखण्ड राज्य में पर्यटक प्रोत्साहन योजना को पाइलट प्रोजैक्ट के रूप में एक माह के लिए लागू किया गया है, जिसमें लगभग 270 लाख का व्ययभार सम्भावित है।

## आप ने घर-घर जाकर मापा लोगों का ऑक्सीजन लेवल एवं पल्स

हरिद्वार, (वीअ)। आम आदमी पार्टी द्वारा आपका स्वास्थ्य हमारा संकल्प कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर ऑक्सिमिटर के माध्यम से लोगो का ऑक्सीजन लेवल एवम पल्स नापकर उन्हें स्वास्थ संबधी एवम कोरोना संक्रमण से बचाव की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पार्टी की जिलाध्यक्ष हेमा भण्डारी ने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा आज से पूरे प्रदेश में ये अभियान हर विधानसभा स्तर पर चलाया जा रहा है जिसमे हर वार्ड में घर घर जाकर ऑक्सिमिटर से नि:षुल्क जांच की जा रही है। आज प्रदेश में हालात बेहत खराब हो रहे है कोरोना संक्रमण के साथ साथ डेंगू तेजी से पैर पसार रहा है मुख्यमन्त्री स्वयं होम कोरेन्टीन है और शहरी विकास मंत्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। जिला सचिव एवम विधानसभा प्रभारी हरिद्वार शहर अनिल सती ने बताया की अरविंद केजरीवाल ने प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए पूरे प्रदेश में हर विधानसभा में ऑक्सिमिटर भेजे है ये अभियान 10 दिन तक चलेगा जिसमे हर वार्ड में अलग अलग टीमें बनाई गई है जो घर घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। इस अवसर पर हेमा भण्डारी, अनिल सती, पुलकित गोयल, पवन कुमार, अर्जुन सिंह, विधान, शिवम शर्मा उपस्तिथ रहे।

## विंकेश गुलाटी एफएडीए के 35वें अध्यक्ष नियुक्त

देहरादून, (वीअ)। भारत में ऑटोमोबाइल रिटेल की शीर्ष राष्ट्रीय संस्था द फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) ने विंकेश गुलाटी को वर्ष 2020-22 के लिए एफएडीए के 35वें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने की घोषणा की। वह उत्तर प्रदेश से भी पहले अध्यक्ष हैं। यह निर्णय 298 वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में किया गया था जो कि फेडरेशन की 56 वीं वार्षिक आम बैठक के तुरंत बाद आयोजित की गई थी। श्री गुलाटी यूनाइटेड ऑटोमोबाइल्स के निदेशक हैं, जिसका संचालन इलाहाबाद और फरीदाबाद से होता है। यूनाइटेड ऑटोमोबाइल्स 1985 से ऑटो डीलरशिप व्यवसाय में संलग्न है और महिंद्रा एंड महिंद्रा एवं बजाज ऑटो के लिए डीलर्स हैं। यूनाइटेड ऑटोमोबाइल्स यूनाइटेड ग्रुप का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत 1951 में ट्रांसपोर्ट बिजनेस के रूप में हुई थी। ग्रुप ने उत्तर प्रदेश और दिल्ली में शैक्षिक संस्थान, ऑटो डीलरशिप, डायग्नोस्टिक सेंटर, न्यूजपेपर पब्लिकेशन और मेडिकल साइंस के क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार किया है। इलाहाबाद में इसने 1,000 बिस्तर वाले एक अस्पताल यूनाइटेड मेडिसिटी की स्थापना की है। फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में पिछले दो वर्षों में श्री काले द्वारा किए गए अपार योगदान के लिए एफएडीए इंडिया अपनी सराहना दर्ज करती है। उनके नेतृत्व में, एफएडीएने कई उल्लेखनीय कदम उठाए। इनमें वाहन पंजीकरण-आधारित ओईएम वार बाजार हिस्सेदारी जारी करने के लिए ऑटो रिटेल रजिस्ट्रेशन के आंकड़े पेश करना और सुप्रीम कोर्ट में बिकने से बच गए बीएस-4 वाहनों के मामले को सर्वोच्च न्यायालय तक ले जाना और फैसले को तकरीबन अपने पक्ष में कर लेना शामिल है। उनके ही मार्गदर्शन में, फेडरेशन को नीति निर्माताओं, ओईएम, ऑटो डीलर्स और हमसे संबद्ध अन्य उद्योगों ने ऑटो रिटेल क्षेत्र में सबसे अधिक प्रासंगिक निकाय के रूप में देखा। एफएडीए ने सभी ऑटो डीलर्स को अपने अम्ब्रेला के तहत एक साथ लाने में भी अहम भूमिका निभाई है।

## लंबित शिकायतों की संख्या में अनावश्यक ईजाफा हो रहा है

अल्मोड़ा, (वीअ)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि सी0एम0 हैल्प लाईन में जनपद के कतिपय विभागों में से अधिकांश शिकायतें ऐसी है जिनमें एल-1, एल-2 एवं एल-3 स्तर पर लम्बित प्रदर्शित हो रही है परिणाम स्वरूप लम्बित शिकायतों की संख्या में अनावश्यक ईजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये थे कि समस्त नोडल अधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ विभागों की नित्य सी0एम0 हैल्प लाईन पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर कार्यवाही अमल में लायें इसके बावजूद भी अनुपालन नहीं किया जाना निराशाजनक है। जिलाधिकारी ने बताया कि मण्डलायुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में समस्त कार्यालयाध्यक्ष सी0एम0 हैल्प लाईन-1905 में लम्बित शिकायतों के सम्बन्ध में अपने-अपने विभागों की प्रति सप्ताह अनिवार्य रूप से समीक्षा करेंगे एवं समीक्षा उपरान्त लम्बित शिकायतों के सम्बन्ध में आख्या/कार्यवृत्त जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

वीर अर्जुन

देहरादून में समाचार पत्र प्राप्त करने एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें। राकेश कुमार सैनी
मो.9917203013,8449957115

वीर अर्जुन की प्रतियां प्राप्त करने के लिए संपर्क करें:-

देहरादून:- सूरज न्यूज एजेंसी
मो.-9917203013

रुड़की:- चन्दर न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री चन्द्रभान,
दुकान नं. 11, पुराना रेलवे रोड, मकतुलपुरी रुड़की
मो.- 9927069871

हरिद्वार:- आत्रे न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री अनिल कुमार शर्मा ,जटवाड़ा पुल, हरिद्वार
मो.- 9837177797

ऋषिकेश:- आजाद न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री संजीव गुप्ता हरिद्वार रोड, ऋषिकेश
मो.- 9837229222